महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

न्याय साक्षी/रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार एवं आर.ए.कुरूवंशी सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कलेक्टर यशवंत कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने क्षेत्र में लगन, मेहनत व कर्तव्यनिष्ठ के साथ कार्य करें और अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर सोम ने ऐसा देश है मेरा देश भक्ति गीत सुनाया। डीकाराम शेष ने देशभक्तिपूर्ण कविता सुनाया। डॉ.माधुरी त्रिपाठी ने आज तिरंगा तीन रंगों से रंगा तिरंगा सुंदर कविता सुनाई।

कलेक्टर यशंवत कुमार द्वारा कलेक्टर बंगला में ध्वजारोहण

न्याय साक्षी/रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टर बंगला में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह उन्होंने स्पोर्टस काम्पलेक्स एवं बोईरदादर स्टेडियम में भी ध्वजारोहण किया।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

न्याय साक्षी/रायगढ़। संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे ने जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया एवं संयुक्त परेड की सलामी ली। रायगढ़ जिले में स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चौबे ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया एवं शांति के प्रतीक कबूतर तथा गुब्बारे भी उड़ाए।

कृषि मंत्री चौबे ने कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर छठवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, होम गार्ड्स, जिला महिला बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन (ब्वायज), एनसीसी जूनियर डिवीजन नटवर स्कूल रायगढ़, एनसीसी जूनियर डिवीजन (ब्वायज)नगर पालिका निगम स्कूल, गाईड गर्ल्स कार्मेल स्कूल, स्काउट ब्वायज संत माईकल स्कूल, स्काउट ब्वायज संत माईकल स्कूल एवं कोटवार दल के संयुक्त मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी जितेन्द्र चंद्रवंशी ने तथा सेकेण्ड इन कमाण्ड का दायित्व रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे ने निभाया। मुख्य अतिथि ने प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया तथा इस

अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक प्रकाश नायक, नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया, जिला पंचायत सीईओ सुऋचा प्रकाश चौधरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल एवं अम्बिका वर्मा ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

डीएसपी जितेन्द्र चन्द्रवंशी को परेड कमांडर एवं आरआई अमरजीत खूंटे को सेकेण्ड इन कमांडर के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड पुरस्कार प्रदान किया गया।

परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए :-

(जूनियर) वर्ग में एनसीसी नटवर उ.मा.शाला को प्रथम, स्काउट बालक संत माइकल को द्वितीय एवं गाईड गर्ल्स नटवर उच्च.मा.शाला को तृतीय पुरस्कार मिला।

(सीनियर) वर्ग में छठवी वाहनी छ.ग.सशस्त्र बल को प्रथम, जिला महिला पुलिस बल को द्वितीय एवं कोटवार दल की सहभागिता रही।

सांस्कृतिक कार्यक्रम (समूह नृत्य):-

ओपी जिंदल स्कूल नलवा को प्रथम, कार्मेल कन्या उ.मा.शाला को द्वितीय एवं साधुराम विद्या मंदिर को तृतीय पुरस्कार मिला। इसी तरह अन्य स्कूलों को सम्मानित किया गया।

मामूली विवाद के कारण कर दी पड़ोसी की हत्या

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिले में गुरुवार देर शाम को घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुडूमकेला माझीपारा के दो पड़ोसियों में हुए मामूली विवाद के बाद एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने धारा 302के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम कुडूमकेला के मांझीपारा में रहने वाले महेत्तर मांझी और तेजराम मांझी का घर आसपास है. पिछली दोपहर में तेजराम मांझी का लड़का अरज मांझी उम्र 19 वर्ष, महेत्तर मांझी (45 साल) को गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये रामकुमार के घर के सामने बनी सिमेंट की नाली में महेत्तर मांझी को धक्का देकर गिरा दिया.

महेत्तर मांझी सिर के बल नाली में जा गिरा और उसके सिर के पीछे भाग में चोंट आयी और वहीं बेहोश हो गया. उसके बाद अरज मांझी उसे खिचते हुए उसके घर ले जा रहा था. तो मोहल्ले के खरसिंह मांझी ने अरज को क्यों पटक दिये हो बोला तो अरज मांझी उसे धमकाने लगा और महेत्तर मांझी के घर से चला गया. महेत्तर मांझी के सिर के पीछे भाग में काफी सूजन था। कल शाम करीबन 6 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

घटना की रिपोर्ट खरसिंह मांझी द्वारा थाना घरघोड़ा में दर्ज कराया गया है. रिपोर्ट पर आरोपी अरज सिंह के विरूद्ध भादवि की धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया.

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं कार्डिनेंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480